# हरियाणा का निजी क्षेत्र कोटा कानून

## प्रिलिम्स के लिये:

[अनुच्छेद 16(4)](), [अनुच्छेद 19](), **समानता का अधिकार, मौलिक अधिकार**

## मेन्स के लिये:

निजी क्षेत्र में रोज़गार आरक्षण, रोज़गार में स्थानीय आरक्षण और निहितार्थ

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने**हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों का रोज़गार अधिनियम, 2020** को रद्द कर दिया है, **जिसमें निजी क्षेत्र के रोज़गार में स्थानीय उम्मीदवारों के लिये 75% आरक्षण अनिवार्य था।**

- न्यायालय ने कानून को **असंवैधानिक** और नागरिकों एवं नियोक्ताओं के **मौलिक अधिकारों** का उल्लंघन करने वाला घोषित किया है।

## हरियाणा निजी क्षेत्र कोटा कानून क्या है?

- हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों का रोज़गार अधिनियम, 2020 राज्य सरकार द्वारा मार्च 2021 में अधिनियमित किया गया था।
  - **कानून में 30,000 रुपए (मूल रूप से 50,000 रुपए)** से कम मासिक वेतन वाले निजी क्षेत्र के रोज़गार में**स्थानीय उम्मीदवारों के लिये 10 वर्षों तक 75% आरक्षण का प्रावधान है।**
- इस अधिनियम में कंपनियों, सोसायटी, ट्रस्ट, साझेदारी फर्म और बड़े व्यक्तिगत नियोक्ताओं सहित विभिन्न संस्थाएँ शामिल थीं।
  - इसमें 10 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ता शामिल थे, **लेकिन केंद्र या राज्य सरकारों और उनके संगठनों को छूट थी।**
- कानून के अनुसार, नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा और स्थानीय उम्मीदवारों के लिये अधिवास प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।
  - हरियाणा राज्य का निवासी **"स्थानीय उम्मीदवार"** एक निर्दिष्ट ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करके आरक्षण का लाभ उठा सकता है।
- इस कानून का उद्देश्य स्थानीय युवाओं, विशेषकर अकुशल तथा अर्द्ध-कुशल श्रमिकों के लिये रोज़गार के अवसर एवं उनका कौशल विकास करना व अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासियों की संख्या को कम करना था।

## नोट:

- आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और झारखंड सहित अन्य राज्यों में भी निवासियों के लिये रोज़गार आरक्षण विधेयक अथवा कानूनों की घोषणा की गई है।
- रोज़गार कोटा विधेयक के तहत आंध्र प्रदेश के निवासियों के लिये तीन-चौथाई निजी नौकरियाँ आरक्षित हैं, जिसे वर्ष 2019 में राज्य की विधानसभा द्वारा अनुमोदित किया गया था।

## हरियाणा द्वारा निजी क्षेत्र की नौकरियों में दिये गए आरक्षण से संबंधित क्या चिंताएँ हैं?

- फरीदाबाद इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन तथा अन्य हरियाणा-आधारित एसोसिएशंस ने यह कहते हुए उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया कि हरियाणा **"धरती के पुत्र"** की नीति शुरू कर निजी क्षेत्र में आरक्षण सुनिश्चित करना चाहता है, जो**नियोक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन** है।

- याचिकाकर्त्ताओं ने तर्क दिया कि निजी क्षेत्र की नौकरियाँ पूर्ण रूप से **कौशल तथा विश्लेषणात्मक विवेक पर आधारित होती** हैं एवं कर्मचारियों को भारत के किसी भी हिस्से में कार्य करने का मौलिक अधिकार है।
- उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि नियोक्ताओं को स्थानीय उम्मीदवारों को नियुक्त करने के लिये बाध्य करने का सरकार का कृत्य **संविधान के संघीय ढाँचे का उल्लंघन** है, जो सार्वजनिक हित के विपरीत है एवं केवल एक वर्ग को लाभ पहुँचा रहा है।

- हरियाणा सरकार ने तर्क दिया कि उसके पास संविधान के **अनुच्छेद 16(4)** के तहत इस तरह के आरक्षण प्रदान करने की शक्ति है, जिसमें कहा गया है कि **सार्वजनिक रोज़गार में समानता का अधिकार** राज्य को किसी भी पिछड़े वर्ग के लिये आरक्षण प्रदान करने से नहीं रोकता है, जिनका राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है।
  - हरियाणा सरकार ने कहा कि राज्य में रहने वाले **लोगों के जीवन और आजीविका के अधिकार** तथा उनके स्वास्थ्य, रहने की स्थिति एवं रोज़गार के अधिकार की रक्षा के लिये कानून आवश्यक था।

## उच्च न्यायालय ने क्या फैसला दिया?

- न्यायालय ने कहा कि अधिनियम की धारा 6, स्थानीय उम्मीदवारों पर त्रैमासिक रिपोर्ट अनिवार्य करती है और धारा 8, जो अधिकृत अधिकारियों को सत्यापन करने में सक्षम बनाती है, की **"इंस्पेक्टर राज"** स्थापित करने के रूप में आलोचना की गई।
  - इंस्पेक्टर राज का तात्पर्य कारखानों और औद्योगिक इकाइयों पर सरकार द्वारा अत्यधिक विनियमन/पर्यवेक्षण से है।
- न्यायालय ने कहा कि यह कानून **संविधान के अनुच्छेद 14** के तहत समानता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है, क्योंकि यह कानून जन्म स्थान और निवास स्थान के आधार पर नागरिकों व नियोक्ताओं के खिलाफ भेदभाव करता है।
  - अनुच्छेद 14 भारत के क्षेत्र के भीतर सभी व्यक्तियों को कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है।
- कानून ने **संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (g) के तहत व्यापार और वाणिज्य की स्वतंत्रता** के मौलिक अधिकार का भी उल्लंघन किया, क्योंकि इसने योग्य तथा उपयुक्त स्थानीय उम्मीदवारों के बावजूद नियोक्ताओं द्वारा उन्हें नियुक्त करने पर अनुचित प्रतिबंध लगा दिया।
- न्यायालय का मानना है कि निजी नियोक्ताओं को केवल स्थानीय उम्मीदवारों को नियुक्त करने के लिये मजबूर करना **संविधान की दृष्टि से अनुचित है,** क्योंकि इससे राज्यों द्वारा **अपने निवासियों के लिये समान सुरक्षा प्रदान करने** हेतु व्यापक अधिनियम बनाए जा सकते हैं, जिससे ऐसी **बाधाएँ उत्पन्न हो सकती हैं** जो संविधान के निर्माताओं द्वारा नहीं बनाई गई थीं।

**विधिक दृष्टिकोण: हरियाणा अधिवास आरक्षण पर निर्णय**

**https://www.drishtijudiciary.com/hin**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-s-private-sector-quota-law